# भीषण सड़क हादसे में एक की मौत

# दो जगह अवैध शराब और विवाद से मचा हड़कंप

जिले में पिछले 24 घंटों के भीतर रफ्तार का कहर देखने को मिला है,जहाँ एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई। वहीं दूसरी ओर,अमरपाटन क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी और वाहनों के बीच टकराव के बाद उपजे विवाद के मामले सामने आए हैं।





सतना।

पुलिस सभी मामलों की बारीकी से जांच कर रही है। नागौद रोड,ग्राम उरदान के पास देर रात सतना-नागौद मार्ग पर एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार बोलेरो और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनियंत्रित होकर ऑटो पास से गुजर रहे ट्रैक्टर से जा भिड़ी। इस त्रिकोणीय हादसे में ऑटो सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई,जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को तुरंत नागौद अस्पताल में भर्ती कराया है, जहाँ उनका इलाज जारी है।

### शराब ठेकेदार की गाड़ी और बोलेरो में टक्कर,बीच सड़क पर हुआ भारी विवाद

ग्राम कुम्हारी में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक शराब ठेकेदार के वाहन और दूसरी बोलेरो कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि बोलेरो में एक परिवार सवार था। हादसे के बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई और देखते ही देखते विवाद भारी हंगामे में बदल गया। मौके पर तनाव की स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। डायल 112और अमरपाटन थाना पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभाला और दोनों पक्षों को थाने ले आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।अमरपाटन थाना अंतर्गत एक तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया।दुर्घटना की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुँची,तो वाहन के भीतर का नजारा देखकर दंग रह गई। दुर्घटनाग्रस्त वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई है। पुलिस के पहुँचने से पहले ही वाहन में सवार चार आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहे। शुरुआती जांच में यह मामला बड़े स्तर पर चल रही शराब तस्करी से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने वाहन और शराब को जब्त कर चारों अज्ञात तस्करों की तलाश शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा,अस्पताल में भर्ती;

राष्ट्रीय राजमार्ग 30,परसवाही के पास हाईवे पर रफ्तार के कहर ने एक और जिंदगी को संकट में डाल दिया। परसवाही के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में युवक लहूलुहान होकर सड़क पर तड़प रहा था।

### मदद की अपील

घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और घायल युवक को सिविल अस्पताल अमरपाटन में भर्ती कराया। फिलहाल युवक की हालत गंभीर है और उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

# डॉ. तिवारी शिकायत मामले में जांच टीम पहुंची सिविल अस्पताल

### डेढ़ घंटे चली बंद कमरे में सुनवाई

मैहर।



सिविल अस्पताल मैहर में पदस्थ डॉ.दीपक तिवारी के विरुद्ध की गई शिकायत की जांच के लिए शनिवार को सुबह करीब 10 बजे जांच टीम अस्पताल पहुंची। जांच टीम में मैहर के डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार जितेंद्र पटेल तथा बीएमओ डॉ.पीयूष पांडेय शामिल रहे। जांच के दौरान शिकायतकर्ता एवं संबंधित पक्षों को बुलाकर करीब डेढ़ घंटे तक बंद कमरे में गहन पूछताछ एवं सुनवाई की गई।इसके बाद दोनों पक्षों के कथनों के आधार पर पंचनामा तैयार कर हस्ताक्षर कराए गए।शिकायतकर्ता अनिल उपाध्याय ने बताया कि जांच अधिकारियों ने उनकी सभी बातों को गंभीरता से सुना और समझा। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया के दौरान ही डॉ.दीपक तिवारी द्वारा उनके एवं उनके परिवार के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए विवाद करने का प्रयास किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार स्थिति को देखते हुए तहसीलदार जितेंद्र पटेल ने हस्तक्षेप कर डॉ.तिवारी को फटकार लगाई और माहौल को शांत कराया। अनिल उपाध्याय का कहना है कि यदि किसी जांच बैठक में जहां प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हों,इस प्रकार का व्यवहार किया जा सकता है तो सामान्य मरीजों और उनके परिजनों के साथ व्यवहार कैसा होता होगा,यह एक गंभीर सवाल है। फिलहाल जांच टीम ने दोनों पक्षों की बात सुनकर आवश्यक दस्तावेज तैयार कर लिए हैं। अब सभी की नजर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है। जांच रिपोर्ट में क्या तथ्य सामने आते हैं और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है,यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

### जेल प्रहरी के पास से मिला तंबाकू, निलंबित

**सतना।** केंद्रीय जेल परिसर में शनिवार सुबह सुरक्षा जांच के दौरान एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने जेल प्रशासन की सतर्कता को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। नियमित चेकिंग के दौरान एक जेल प्रहरी के कब्जे से प्रतिबंधित सामग्री (तंबाकू) बरामद की गई है।

**नियमित चेकिंग में खुली पोल**

प्राप्त जानकारी के अनुसार,शनिवार सुबह मुख्य प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षाकर्मियों द्वारा रोज की तरह नियमित तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान ड्यूटी पर आ रहे जेल प्रहरी बनवारी लाल जाटव की जब बारीकी से जांच की गई,तो उनके पास से टेप से लिपटी हुई एक संदिग्ध पुड़िया बरामद हुई। जब इस पुड़िया को खोलकर देखा गया,तो उसमें लगभग 10 से 12 ग्राम तंबाकू पाया गया। जेल नियमों के तहत परिसर के भीतर तंबाकू पूरी तरह से प्रतिबंधित सामग्री की श्रेणी में आता है।

**निलंबन और विभागीय जांच के आदेश**

जेल प्रशासन ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया है।जेल अधीक्षक के कड़े रुख और निर्देशों के बाद आरोपी प्रहरी बनवारी लाल जाटव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जेल प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों के पड़ताल के लिए विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

### तहसीलदार की धमकी से परेशान युवक ने दी आत्मदाह की चेतावनी

### बांके बिहारी मंदिर की जमीन का सीमांकन मांगने पर प्रताड़ना का आरोप

**सतना।** जिले के मझगवां में एक युवक द्वारा तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए आत्मघाती कदम उठाने की चेतावनी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।पीड़ित युवक ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को एक शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र की प्रतियां मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और जिला कलेक्टर सहित तमाम उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई हैं।

**क्या है पूरा मामला ?**- शिकायतकर्ता आशीष शर्मा निवासी मझगवां के अनुसार,क्षेत्र के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर की लगभग 16 एकड़ बेशकीमती जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया है। आशीष इस अतिक्रमण को हटवाने और जमीन के सीमांकन (नापजोख) की सरकारी नकल प्राप्त करने के लिए पिछले डेढ़ महीने से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

**पीड़ित के गंभीर आरोप,'जेल भेजने की मिली धमकी'**- आशीष शर्मा का आरोप है कि पिछले 45 दिनों में उन्होंने तहसील कार्यालय के करीब 20 चक्कर लगाए हैं,लेकिन उन्हें सीमांकन की नकल नहीं दी गई। उल्टा,मझगवां तहसीलदार द्वारा उन्हें इस संवेदनशील मामले से दूर रहने की हिदायत दी जा रही है।पीड़ित का दावा है कि आवाज उठाने पर तहसीलदार ने उन्हें झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजने की धमकी भी दी है।

**प्रशासनिक महकमे में मचा हड़कंप**- तहसीलदार के इस कथित अड़ियल रवैये और लगातार मिल रही मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने प्रशासन को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। यदि इस मानसिक तनाव के कारण मुझे कुछ भी होता है या मैं कोई आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर होता हूँ,तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और स्थानीय प्रशासन की होगी। इस चेतावनी भरे शिकायती पत्र के बाद से स्थानीय प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। अब देखना यह है कि उच्च अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेकर मंदिर की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाते हैं।




# घुनवारा में डीजल पेट्रोल टैंकरों के रुकने पर में बीपीसीएल, इंडियन ऑयल, एचपीसीएल, तेल कंपनियों ने लगाई पाबंदी

मैहर।

मैहर जिले में नेशनल हाईवे सड़क के किनारे संचालित घुनवारा एवं आस पास चल रहे ढाबों में काफी अरसे से अवैध डीजल-पेट्रोल की खुले आम सड़क के किनारे व्यापार किया जा रहा था जिसकी शिकायत मिलने पर समय समय पर पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जाती रही मगर इस व्यापार अंकुश नहीं लग पाया तो पुलिस के द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है जिससे इस कारोबार पर अकुंश लग गया है मगर कब तक यह तो समय ही बताएगा। बताया जाता है कि तेल कंपनियों के टेंकरों के द्वारा यहां पर डीजल-पेट्रोल कालाबाजारी की जाती है और फिर इन लोगों के द्वारा मिलावट कर ब्रिकी की जाती थी जिससे वाहनों की खराबी हो रही थी। बताया जाता है कि इस डीजल-पेट्रोल की कालाबाजारी को लेकर तेल कंपनियों से निकलने वाले तेल टेंकरों पर अवैध रूप से बिक्री पर रोक रोकने के लिए अब तेल कंपनियां ने भी सख्त कदम उठाए हैं। सूत्रों की माने तो जबलपुर डिपो के द्वारा घुनवारा को रेड जोन अलर्ट कर दिया गया है। इतना ही नहीं अगर डीजल-पेट्रोल की चोरी करते हुए टैंकर पाए जाते हैं तो सीधे उन पर ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई कंपनियां द्वारा की जा सकती है जिससे साफ मालुम होता है कि प्रशासन भले ही घुनवारा में डीजल पेट्रोल की अवैध बिक्री पर पाबंदी नहीं लगा पा रहा लेकिन तेल कंपनियों के इस सख्त कदम से डीजल-पेट्रोल टैंकर चोरी करने वाले ड्राइवरों वह मालिकों के बीच हड़कंप मच गया है।

# मैहर कलेक्टर की कार्यप्रणाली से थमी क्रेशरों की गड़गड़ाहट

### टास्क फोर्स सक्रियता से रुक सकता अवैध उत्खनन और क्रेशरों का चलना



**मैहर।** मैहर जिले में खनिज गतिविधियों और क्रेशर संचालन को लेकर कलेक्टर द्वारा दिखाई गई सख्ती का असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। 3 जून को आयोजित बैठक में क्रेशर एवं खदानों के संचालन की निगरानी के लिए टास्क फोर्स गठित किए जाने के बाद खनिज विभाग,एसडीएम सहित तथा अन्य अधिकारियों द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से अधिकांश क्रेशर एवं खदान संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

### दिन में बदं रही रात को चालू

सूत्रों के अनुसार बठिया क्षेत्र में शुक्रवार को दिनभर अधिकांश क्रेशर और खदानें बंद रहीं। अधिकारियों की लगातार निरीक्षण के चलते संचालकों ने दिन में संचालन करने से परहेज किया। हालांकि रात लगभग 9 बजे के बाद कई स्थानों पर फिर से क्रेशरों की गड़गड़ाहट सुनाई देने लगी और धूल-धक्कड़ का गुबार उठता दिखाई दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में प्रशासनिक कार्रवाई के डर से संचालन रोक दिया जाता है,लेकिन रात होते ही यह मशीनें चालू कर दी जाती हैं कि अधिकारियों के दौरे नहीं होंगे। यदि यह स्थिति सही है तो यह प्रशासन की कार्रवाई को चुनौती देने जैसा माना जा सकता है।

### पर्यावरण के नहीं मानते आदेश

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि वर्षों से क्षेत्र में संचालित खदानों और क्रेशरों से भारी मात्रा में खनिज संपदा निकाली जा रही है,लेकिन प्रभावित पंचायतों और आसपास के रहवासियों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। आरोप है कि कई संचालकों द्वारा न तो पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया जाता है और न ही सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत गांवों के विकास में कोई उल्लेखनीय योगदान दिया जाता है। पर्यावरण दिवस जैसे अवसर पर भी खदान और क्रेशर क्षेत्रों में वृक्षारोपण की कोई विशेष गतिविधि दिखाई नहीं दी। ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय पर्वों,स्कूलों तथा पंचायत स्तर के सामाजिक कार्यक्रमों में भी अधिकांश संचालकों की भागीदारी नगण्य रहती है। फिलहाल प्रशासन की सख्ती से खदान और क्रेशर संचालकों की नींद जरूर उड़ी हुई है।

## अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध मैहर पुलिस की बड़ी कार्यवाही



### 64 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**मैहर** ।पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी और उनकी टीम द्वारा शराब तस्कर के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उसके कब्जे से 64लीटर अवैध शराब जप्त की गई है।प्राप्त जानकारी में बताया गया है कि शनिवार को थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि संदेही अवैध शराब की भारी मात्रा वार्ड नं.15 में बंद पडी वर्फ फैक्ट्री में छिपाकर बिक्री करने हेतु रखे है। सूचना की तस्दीक मैहर पुलिस पहुंची तो दो संदेही दस्तयाब हुये तथा घर के अंदर कई कार्टून खाली व भरे हुये मिले जिनमे अवैध शराब पाई गई जिन्हे खोलकर देखन पर आरएस, रायल स्टेज, आफिसर च्वाइस, मैकडावल, बैगपाइपर व गोवा व्हिस्की जैसी विभिन्न ब्रांड की 11 कार्टून मे कुल 64 लीटर शराब पाई गई जिस पर आरोपीगण का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय़ होने से मुकेश सचदेव उर्दीफ मुक्कु पिता शंकरलाल सचदेव 41 वर्ष निवासी सिंधी कालोनी मैहर, दिलीप साहनी पिता नत्थूमल साहनी 52 वर्ष निवासी सिंधी कालोनी मैंहर कों गिरफ्तार कर प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश किया गया। विभिन्न ब्रांड की कुल 64 लीटर अंग्रेजी शराब कीमती 78000 रुपये जब्ती बनाई गई है। इस कार्य में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी, एएसआई अरविद द्विवेदी, हेक.रविद अवस्थी, जय बागरी,र ाजेंद्र सिंह, सोमेश सिंह, हिमांशु कुमार, मोहित वैष्णव की रही है।

## खबर संक्षेप

### व्यवस्था को लकवा: स्ट्रेचर पर बेटा, सिस्टम पर 'मां' का कंधा



**सतना।** सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल से आई यह तस्वीर स्वास्थ्य व्यवस्था के दावों की धज्जियां उड़ाने के लिए काफी है। जहाँ बीमार बेटा स्ट्रेचर पर है,और अस्पताल के वार्ड बॉय व स्टाफ की जगह उसकी बूढ़ी माँ खुद स्ट्रेचर खींचने को मजबूर है। यह दृश्य चीख-चीख कर कह रहा है कि करोड़ों के बजट वाले इस सरकारी अस्पताल का सिस्टम कितना संवेदनहीन और लाचार हो चुका है। सफेद एप्रन पहनकर मूकदर्शक बने स्टाफ की सैलरी तो समय पर आ जाती है,लेकिन जब बात फर्ज निभाने की आती है,तो सारा बोझ मरीज के बेबस परिजनों के कंधों पर डाल दिया जाता है। अस्पताल प्रशासन अक्सर स्टाफ की कमी का रोना रोकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। लेकिन सवाल यह है कि आखिर इस घोर लापरवाही का स्ट्रेचर कब तक गरीब जनता ही खींचती रहेगी? क्या इन लापरवाहों पर कभी कोई सख्त एक्शन होगा,या हर बार की तरह मामला कागजी जांच के ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा?

### अमृत पार्क में 200 पौधे लगाए



**सतना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज दिनांक 5 जून 2026 जो नगर पालिक निगम सतना द्वारा अमृत पार्क (हवाई अड्डा मार्ग) में अमृत हरित महा अभियान 2.0 के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के आह्वान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया तथा वृक्षों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों एवं नागरिकों ने अधिकाधिक वृक्षारोपण करने तथा लगाए पौधों की नियमित देखभाल करने की शपथ ली। कार्यक्रम में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार,डॉ.शेर सिंह मीना,आयुक्त नगर पालिक निगम सतना,निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी,एमआईसी सदस्य गोपी गेलानी,समाजसेवी राजेंद्र कुशवाहा,श्रीमती मनीषा सिंह एवं सुश्री आयुषी तिवारी सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### पर्यावरण दिवस पर किया सामूहिक वृक्षारोपण



**मैहर।** केजेएस सीमेन्ट राजनगर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली, संगोष्ठी एवं सामूहिक वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसमें 101 छायादार व फलदार पौधों का रोपण हुआ। केजेएस के पर्यावरण विभाग की ओर से कंपनी के कार्यकारी निदेशक कर्नल (रिटा) नीरज वर्मा के नेतृत्व में सभी कार्यक्रम संपन्न हुए। पूर्वान्ह कंपनी के कर्मचारी ड्रेसकोड एवं पोस्टर बैनर के साथ जिला स्तरीय रैली में शामिल हुए। बाद में यही रैली जागरूकता नारों के साथ फैक्ट्री एवं आवासीय परिसर में घूमी। अपराह्न पैकिंग प्लांट के दक्षिणी छोर पर कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 101 बड़े पौधों का रोपण किया। पहला पौधा ईडी कर्नल (रिटा) नीरज वर्मा एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारी डीके सिंह ने लगाया। माइंस प्रमुख विजय सिंह राठौर ने भी अपनी टीम के साथ वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया।

### रवि बलेरिया बने नए आरटीओ, आईपीएस गौरव पांडेय को मिली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की कमान

**सतना।** शासन द्वारा दो बड़े फेरबदल किए गए हैं। सतना को नए परिवहन अधिकारी और नए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में दो तेजतर्रार अधिकारी मिले हैं। परिवहन विभाग में बड़ा बदलाव करते हुए रवि बलेरिया को सतना का नया जिला परिवहन अधिकारी नियुक्त किया गया है।इससे पहले वे नरसिंहपुर में अपनी सेवाएं दे रहे थे,जहां से अब उन्हें सतना स्थानांतरित किया गया है। स्थानीय लोगों और विभाग को उम्मीद है कि उनके आने से जिले की यातायात व परिवहन व्यवस्था में और कसावट आएगी।

**खबर संक्षेप**

## पर्यावरण का रखेंगे ध्यान तभी बनेगा देश महान ब्रह्माकुमारी





*पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ, ब्रह्माकुमारी*

*प्रकृति का मत करो शोषण इससे होता हमारा पोषण*

*पेड़ लगा कर दिया विश्व पर्यावरण का संदेश*

*पर्यावरण संरक्षण सभी का नैतिक कर्तव्य ब्रह्माकुमारी*

**पन्ना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना के द्वारा अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रातः कालीन ब्रह्माकुमारी पन्ना में सभी भाई बहनों ने पेड़ लगाने का संकल्प किया एवं इसी तारतम में ब्रह्माकुमारी द्वारा अजयगढ़ में मां सरस्वती मंदिर में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस के महत्वता और उसे मनाए जाने की जरूरत पर जानकारी साझा की, ब्रह्माकुमारी के प्रकृति परिवर्तन प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी आपने बताया इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत कई कार्यक्रम किए जाएंगे जैसे जल प्रदूषण रोको,वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण ऐसे अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे एवं सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। आपने कहां प्रकृति केवल हमारी आवश्यकता ही नहीं बल्कि हमारे जीवन और भविष्य का आधार है प्रकृति का संरक्षण ही जलवायु परिवर्तन से निपटने और आने वाली पीढियां के लिए एक सुरक्षित हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करने की कुंजी है प्रकृति हमें स्वच्छ वायु शुद्ध जल भोजन और भोजन के लिए आवश्यक सभी संसाधन प्रदान करती है आज पृथ्वी का प्राकृतिक संतुलन लगातार बिगड़ रहा है बढ़ते तापमान अनियमित वर्षा प्राकृतिक आपदाएं आदि इन सभी के प्रति ऐसे समय पर हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम ऐसे में अधिक से अधिक पेड़ लगाए एवं वनों की कटाई को रोकना आगे आपने कहा कि अगर आपके पास जगह नहीं है तो अपने-अपने घर में गृह वाटिका बनाकर पेड़ जरूर लगाए जिससे वातावरण शुद्ध होगा उन्होंने सभी जनमानस को प्रेरित किया कि जिस प्रकार से बाहरी पर्यावरण प्रदूषित है इसी प्रकार से आंतरिक पर्यावरण भी प्रदूषित है मतलब हमारा मन भी व्यर्थ एवं नकारात्मक विचारों से भरा पड़ा है अतः आवश्यकता है हम हर रोज योग साधना के द्वारा अपने जीवन को पवित्र विचारों से शुद्ध सकारात्मक रूप प्रदान करें जिससे हमारी आंतरिक भावना शुद्ध और स्वच्छ होंगे और हम बाहरी रूप से भी पर्यावरण को शुद्ध एवं पवित्र बना सकेंगे अंत में सभी ने पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्रतिज्ञा की,आईए मिलकर एक स्वच्छ हरा भरा और जागरूक भारत बनाएं बदलाव बाहर से नहीं अंदर से शुरू होता है। कार्यक्रम द्वारका प्रसाद उपाध्याय, लालबहादुर चौबे, राजू तिवारी, संतोष तिवारी पुजारी जी एवं कमेटी के सभी सदस्य व अधिक संख्या में माताएं बहने उपस्थित रही सभी ने कार्यक्रम की सराहना की।


### सरपंच सचिव का हलफनामा भी चर्चा में, शासकीय भूमि को लेकर निर्मन कूप

# बीहरपुरवा पंचायत मौत के कूप का खुलासा, निर्मल नीर जांच के दौरान पंचनामा में निजी भूमि

26 मई का दिन सदैव जिले की अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बीहरपुरवा में जहां मनरेगा योजना से निर्मल कूप जो सिंचाई के सार्वजनिक हित के लिये होना चाहिये वह कहीं न कही निजी भूमि में जांच के दौरान पाया गया। विगत 26 मई को इसी कूप में मिट्टी धसने से पांच मजदूरों की मौत के मामले में जांच के दौरान दास्तां आई सामने वहीं सबसे बड़ा मामला सरपंच सचिव के द्वारा हलफनामा फाईल लगा हुआ बताया जा रहा है। शासकीय भूमि वहीं सार्वजनिक हित को लेकर निर्मल कूप अब कैसे निजी भूमि में खुदवाया गया यह तो सरपंच-सचिव ही जानें।

**पन्ना।**

*परत- दर परत जांच के दौरान कहीं न कहीं खुलासे के रूप में दास्ता सामने आने से कहीं न कहीं एक बार फिर जिले की अजयगढ़ जनपद अंतर्गत निर्मल नीर जो कि सार्वजनिक हित को लेकर शासकीय भूमि में स्वीकृत किया जाना चाहिये था वहीं 26 मई का दिन जो बीहरपुरवा पंचायत में मनरेगा योजना से यही स्वीत निर्मल नीर कूप में मिट्टी धसने से पांच मजदूरों की मौत होने के बाद जांच का विषय बना जहां जांच टीम ने घटना स्थल को परखा तो निजी भूमि में कूप का स्वीकृत होना सामने आया है। पटवारी ने अपने राजस्व रिकार्ड के अनुसार इस निर्मल कूप को मीना अहिरवार बगैरह के नाम भूमि खसरा नं0 39 रकवा 0.480 हे0 भूमि के अंस भाग में कुंआ खुदवाया जा रहा था। यह खुलासा जांच टीम के द्वारा*



*बनाये गये पंचनामा से सामने आया है जहां ईआरईएस जांच दल में प्रमुख बताये गये। इतना ही नहीं इस निर्मल नीर कूप को लेकर जब जनपद पंचायत सीईओ अजयगढ़ से जानने की कोशिस की गई तो मोबाइल के द्वारा बताया गया कि सरपंच सचिव के द्वारा फाईल में जिस जगह कूप खोदा जाना था वहां हलफनामा दिया गया था। शासकीय भूमि को सार्वजनिक हित के लिये अब सवाल यह उठता है कि सरपंच सचिव जो पंचायत के कार्य एजेन्सी होते है वहीं इस निर्मल नीर में ग्राम सभा का प्रस्ताव भी लगा होना लाजमी होना चाहिये फिर ग्रामसभा में अगर यह कार्यवाही ग्राम सभा के दौरान वास्तविकता में प्रस्ताव पारित किया गया तो फिर निजी भूमि में कूप का निर्माण कैसे किया जा रहा था। जो कही न कहीं पंचायत के लोग भी इस बात से वाकिफ होते है। जिस ग्राम में या मजरे में यह कूप खोदा जा रहा था तो शासकीय भूमि में न होकर निजी भूमि में खोदे जाने का मामला तो पंचनामा जो जांच टीम के द्वारा बनाया गया उससे सामने आ ही गया। अब देखना यह है किस तरह से इस मामले में आगे और भी राज खुलेंगे निश्चिततौर पर सरपंच सचिव जहां निर्माण कार्य की फाईल तैयार करते है जिसमें स्वीकृति ली जाती है वहीं उपयंत्री उसी फाईल में ले-आउट देते है अब यह मामला आगे क्या मोड़ लेगा यह तो वक्त ही तय करेगा। जांच रिपोर्ट के बाद क्या सच्चाई सामने आयेगी वहीं कार्यवाही क्या तय होगी पर इस निर्मल कूप को लेकर निर्मल मन किसके नहीं रहे वह भी इस पड़ताल में कहीं न कहीं पर्दाफास के रूप में सामने आयेगा क्योंकि यह कूप को मौत का कूप बन चुका जहां पांच मजदूरों की मौत हो चुकी जिससे इस दास्तां के घटित होने के बाद जांच रिपोर्ट में हुआ खुलासा।*

## सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर पुलिस के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम बैच सफलतापूर्वक सम्पन्न

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला चिकित्सालय पन्ना एवं एस.डी.आर.एफ. पन्ना की विशेषज्ञ टीम द्वारा सी.पी.आर. फर्स्ट एड, घायल व्यक्तियों की प्राथमिक देखभाल, प्राकृतिक एवं कृत्रिम आपदाओं की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया (फनपबा त्मेचवदेम) एवं राहत-बचाव कार्यों के संबंध में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



**पन्ना।**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के मार्गदर्शन में आगामी उज्जैन सिंहस्थ-2028 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के दृष्टिगत जिला पुलिस बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम बैच आज दिनांक 06 जून 2026 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पन्ना में दिनांक 01 जून 2026 से प्रारम्भ हुए इस प्रशिक्षण सत्र में जिले के 50 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता कर विभिन्न विषयों पर व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक एवं जनसमूह आधारित आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं आपदा प्रतिक्रिया क्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को कानून-व्यवस्था संधारण, क्राउड मैनेजमेंट, साइबर मॉनिटरिंग, रेडियो संचार प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, सुरक्षा योजना, विस्फोटक नियंत्रण, साफ्ट स्किल्स, तनाव प्रबंधन, योग एवं मेडिटेशन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला चिकित्सालय पन्ना की विशेषज्ञ टीम द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आकस्मिक चिकित्सा परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने संबंधी महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सी.पी.आर. (ब्ंतकपव च्नसउवदंतल त्मेनेबपजंजपवद), फर्स्ट एड, घायल व्यक्तियों की प्राथमिक देखभाल, बेहोशी, हृदयाघात तथा अन्य आपातकालीन चिकित्सीय परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी एवं व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए जीवनरक्षक तकनीकों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त एस.डी.आर.एफ. (ैजंजम क्पेंजमत त्मेचवदेम थ्वतबम) पन्ना की टीम द्वारा प्राकृतिक एवं कृत्रिम आपदाओं की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया (फनपबा त्मेचवदेम) एवं राहत-बचाव कार्यों के संबंध में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



एस.डी.आर.एफ. टीम ने आपदा प्रबंधन, खोज एवं बचाव तकनीकों, आपातकालीन संसाधनों के उपयोग, समन्वित कार्यप्रणाली तथा संकट की परिस्थितियों में पुलिस की भूमिका से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक के रूप में निरीक्षक बखत सिंह एवं उप निरीक्षक कमल सिंह चंदेल द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वहीं रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर द्वारा प्रशिक्षण के समुचित संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी निभाई गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू ने कहा कि सिंहस्थ-2028 जैसे विशाल धार्मिक आयोजन के दौरान पुलिस बल की दक्षता, सतर्कता एवं आपदा प्रबंधन क्षमता अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इसी उद्देश्य से जिला पुलिस बल के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी चरणों में भी निरंतर संचालित किया जाएगा तथा जिला पुलिस बल के शत-प्रतिशत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाना प्रस्तावित है।

# छोटे भाई ने सगे बड़े भाई पर हथौड़ी से किया जानलेवा हमला, घायल जिला अस्पताल में भर्ती

**पन्ना।** शहर के व्यस्ततम कचहरी चौराहा इलाके में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक पारिवारिक रंजिश और घरेलू विवाद के चलते छोटे भाई ने अपने ही सगे बड़े भाई पर लोहे की भारी हथौड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में बड़े भाई के सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

### 5 साल पुराना पारिवारिक विवाद और रंजिश बनी वजह

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए पीड़ति की पहचान धाम मोहल्ला, पन्ना निवासी 47 वर्षीय श्याम जडिया (पिता दौलत राम जडिया) के रूप में हुई है। श्याम वर्तमान में कचहरी चौराहा स्थित एक चाय की दुकान पर काम करके अपना गुजारा करते हैं। पीड़ति श्याम जडिया कुल तीन भाई हैं, जिनमें नीरज जडिया सबसे बड़े हैं और हमला करने वाला आरोपी परमलाल जडिया उनका सबसे



छोटा भाई है। पीड़ति श्याम जडिया ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी रानी जडिया पिछले करीब 5 वर्षों से उनसे अलग रह रही हैं। वर्तमान में वह उनके सबसे छोटे भाई परमलाल जडिया के साथ ही रह रही हैं। पत्नी ने श्याम जडिया के खिलाफ कोर्ट में भरण-पोषण (डंपदजंपदंदबम) का केस भी दायर कर रखा है। इसी पारिवारिक रंजिश और अदालती विवाद को लेकर छोटा भाई परमलाल लगातार उनसे रंजिश रख रहा था।

### आधी रात को शराब के नशे में कमरे में घुसा आरोपी

यह खूनी वारदात शुक्रवार, 5 जून की देर रात (तड़के) करीब 1रू00 बजे की बताई जा रही है। घटना के वक्त पीड़ति श्याम जडिया अपने घर के कमरे में अकेले बैठे हुए मोबाइल चला रहे थे। इसी दौरान उनका छोटा भाई परमलाल जडिया अत्यधिक शराब के नशे में धुत होकर उनके कमरे में जबरन दाखिल हो गया। कमरे में घुसते ही परमलाल ने पत्नी रानी के साथ चल रहे पुराने अदालती और पारिवारिक विवाद को लेकर श्याम को बेहद गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। जब श्याम ने इसका विरोध किया, तो दोनों के बीच बहस और ज्यादा बढ़ गई।

### सिर और पीठ पर किए हथौड़ी के घातक वार

विवाद इस कदर बढ़ा कि गुस्से से तमतमाए आरोपी परमलाल ने अपने हाथ में ली हुई लोहे की हथौड़ी से अचानक श्याम के ऊपर जानलेवा हमला बोल दिया। श्याम ने खुद को बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आरोपी का पहला वार सीधे उनके सिर के दाहिनी तरफ जा लगा, जिससे खून की धारा बह निकली। इसके तुरंत बाद आरोपी ने दूसरा वार किया, जो श्याम की पीठ पर जाकर लगा। आधी रात को घर में मचे चीख-पुकार और शोर-शराबे को सुनकर आस-पड़ोस के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने तत्परता दिखाते हुए बीच-बचाव किया और आरोपी परमलाल को पकड़ा, जिससे श्याम की जान बच सकी। इसके बाद घायल को तुरंत जिला अस्पताल पन्ना ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है।

### पुलिस ने बीएनएस (ठछै) की धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

वारदात के फौरन बाद लहूलुहान हालत में पीड़ति ने आपातकालीन नंबर श112श पर कॉल करके पुलिस की गाड़ी को घटना की सूचना दी। इसके बाद शनिवार, 6 जून को पुलिस ने पीड़ति श्याम जडिया के बयानों और रिपोर्ट के आधार पर आरोपी छोटे भाई परमलाल जडिया के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। पन्ना कोतवाली पुलिस का कहना है कि वारदात के बाद से ही आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द ही उसे कानून की गिरफ्त में ले लिया जाएगा।

### दक्षिण पन्ना वन मंडल के सलेहा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम वन समिति पटना तमोली द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बीजारोपण के साथ पक्षियों की प्यास बुझाने का संदेश, बांटे गए मिट्टी के सकोरे

**पन्ना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दक्षिण पन्ना वन मंडल के सलेहा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम वन समिति पटना तमोली द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, युवाओं एवं बच्चों को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के उद्देश्य तथा प्रकृति संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्थानीय स्तर पर नदी, नाले, पहाड़, जंगल, तालाब एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने अपने आसपास के प्राकृतिक परिवेश को सुरक्षित रखने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित वातावरण तैयार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पहाड़ी के खाली हिस्सों में कैथा, नीम, बेर एवं सीताफल जैसी देशी प्रजातियों के बीज डाले गए, ताकि वर्षा ऋतु में उनका प्राकृतिक अंकुरण हो सके और क्षेत्र में हरियाली बढ़े। साथ ही आगामी मानसून में अधिक से अधिक पौधारोपण करने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। पर्यावरण संरक्षण को व्यवहारिक रूप देने के उद्देश्य से लोगों ने पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े के थैलों का उपयोग करने तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक से दूरी बनाए रखने का संकल्प लिया। वहीं ग्राम वन समिति अध्यक्ष अजय चौरसिया द्वारा बच्चों एवं युवाओं को पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए। उन्होंने सभी से अपने घरों, आंगनों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सकोरों



में नियमित रूप से पानी भरने की अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध कराना भी प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं एवं ग्राम वन समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर अजय चौरसिया, ब्रजमोहन चौरसिया, अमित चौरसिया, राहुल चौरसिया सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य संदेश था कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सतत जिम्मेदारी है। स्थानीय प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण, वृक्षारोपण, जलस्त्रोतों की सुरक्षा तथा वन्य जीवों एवं पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता से ही एक सुरक्षित और हरित भविष्य का निर्माण संभव है।

# आरोपी के कब्जे से चोरी किये गये 5 मोबाइल फोन कीमती करीब 40 हजार रुपये के किये गये जप्त

### पन्ना पुलिस द्वारा अयजगढ़ थाना अन्तर्गत मोबाइल दुकान में चोरी की वारदात की सूचना के 24 घण्टे के अंदर किया गया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में थाना अजयगढ़ पुलिस टीम द्वारा मोबाइल दुकान में हुई चोरी की वारदात का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 05.06.2026 को फरियादी अभय साहू निवासी महात्मा गांधी वार्ड, अजयगढ़ द्वारा थाना अजयगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी श्रवि मोबाइल एंड रिपेयरिंग सेंटरष नामक मोबाइल दुकान से अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि के समय 05 पुराने मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए हैं। फरियादी के अनुसार दिनांक 04-05.जून की दरम्यानी रात्रि लगभग 10रू00 बजे दुकान बंद कर अपने घर में सो गया था। अगले दिन सुबह दुकान खोलने पर उसे दुकान में रखा मोबाइलों का डिब्बा अस्त-व्यस्त अवस्था में मिला तथा दुकान में रखे 05 पुराने मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपये थी, गायब पाए गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अजयगढ़ में अपराध क्रमांक 301/2026 धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा एस.डी.ओ.पी. अजयगढ़ के मार्गदर्शन विशेष पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। प्राप्त फोटो एवं सीसीटीवी फुटेज को आसपास के क्षेत्रों में प्रसारित किया गया तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।

पुलिस की सतत मेहनत एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही की पहचान समीर अहिरवार पिता सुरेश कुमार अहिरवार उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कोडन, थाना बमीठा,



जिला छतरपुर के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता है तथा दिनांक 04.06.2026 को पन्ना होते हुए अजयगढ़ आया था। रात्रि में चोरी करने की नीयत से घूमते समय उसने रेस्ट हाउस के सामने स्थित मोबाइल दुकान को चिन्हित किया। दुकान से सटे कदम के पेड़ पर चढ़कर वह छत के रास्ते मकान के अंदर पहुंचा और वहां से दुकान में प्रवेश कर 05 मोबाइल फोन एवं एक चार्जर लीड चोरी कर ली। चोरी के बाद आरोपी उसी रास्ते वापस निकल गया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया मशरूका 05 मोबाइल फोन कीमती करीब 40 हजार रुपये का बरामद कर लिया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**सराहनीय योगदान-** उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी अजयगढ़ निरी. हरिसंह ठाकुर, प्र.आर जायेंन्द्र पाल, अशोक अहिरवार, आर. मनोज पटेल, नरेंद्र अहिरवार, अश्वनी अनुरागी, रामनरेश गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

**जेके ट्रांसपोर्ट के बेलगाम ट्रालों का कहर जारी,**

# एक की मौत, मां-बेटा जिंदगी और मौत से जूझ रहे, हादसों पर क्यों खामोश है प्रशासन?

**पन्ना-अमानगंज** मार्ग पर उठे जवाबदेही और सड़क सुरक्षा के बड़े सवालअमानगंज। पन्ना-अमानगंज मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लगातार हो रहे सड़क हादसों ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। शुक्रवार को रामपुर बैरियर के समीप एक तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद ट्राला चालक वाहन सहित फरार हो गया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश और भय का माहौल व्याप्त है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर निवासी रणधीर यादव (35 वर्ष) अपनी मां लाला बाई (52 वर्ष) एवं चचेरे भाई वंश रूप यादव (50 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से छतरपुर एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान रामपुर बैरियर के पास तेज गति से आ रहे एक अज्ञात ट्राले ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वंश रूप यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि रणधीर यादव और उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का उपचार जारी है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर अज्ञात ट्राला चालक की तलाश शुरू कर दी। लेकिन इस हादसे ने एक बार फिर उस गंभीर समस्या को उजागर कर दिया है, जिससे पन्ना-अमानगंज-सिमरिया मार्ग के नागरिक लंबे समय से जूझ रहे हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में सीमेंट और खनिज परिवहन में लगे भारी ट्राले दौड़ते हैं। तेज रफ्तार,ओवरलोडिंग और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा प्रभावी नियंत्रण और सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है।लगातार हो रही मौतों और दुर्घटनाओं के बाद



अब शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्रीय नागरिक पूछ रहे हैं कि जब सड़क हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है, तब गति नियंत्रण, ट्रैफिक निगरानी और भारी वाहनों की नियमित जांच जैसी व्यवस्थाएं प्रभावी क्यों नहीं हैं? क्या बड़े परिवहन नेटवर्क और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के दबाव के आगे प्रशासन की कार्रवाई कमजोर पड़ रही है?स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि पन्ना-अमानगंज मार्ग पर भारी वाहनों के लिए निर्धारित गति सीमा का कड़ाई से पालन कराया जाए, ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में स्थायी निगरानी व्यवस्था स्थापित की जाए। जनता का सीधा सवाल है आखिर कब तक सड़कों पर मौत बनकर दौड़ते ट्राले लोगों की जिंदगी छीनते रहेंगे, और कब जिम्मेदार विभाग अपनी जवाबदेही तय करेंगे।

# जनपद अध्यक्ष पवई ने कल्दा में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न





**पवई**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल्दा ग्राम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहिनी आनंद मिश्रा जी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आकर वृक्षारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधारोपण किया और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया।

# टौरिया मोहल्ला कांड के आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलुस, पेश किया अदालत भेजे गए जेल



**छतरपुर।** 2 दिन पहले कोतवाली थाना अंतर्गत टौरिया मोहल्ला में स्कूटी और मोटर साईकिल में हुई टक्कर के विवाद में इतना अधिक वबाल मचा दिया। जिससे साम्प्रादियक सौहर्द बिगडऩे तक की स्थिति बन गई। पुलिस ने इस मामले में 7 नामजद सहित 15 आरोपियों के विरूद्व अलग अलग तीन एफआईआर दर्ज की थी और रात को ही पुलिस ने 4 आरोपियों को उनके घरों से उठा लिया था और अन्य आरोपी के घरों में ताला डालकर भाग गए थे। दो दिन चली जांच एव पूछताछ के बाद कोतवाली पुलिस ने आज चारों आरोपियों का कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोतवाली से अदालत तक जुलूस निकाला और अस्पताल में मेडीकल परीक्षण कराकर उन्हें न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से चारो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इस दौरान माहौल भारी गर्म रहा टौरिया मोहल्ला कांड में जिन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जुलूस निकाला उनमें निशार खान, युनिश खान, हुसैन खान, निजाम शामिल है। अस्पताल में मेडीकल परीक्षण के दौरान भी माहौल काफी गर्म रहा। मीडिया के लोगों ने भी गिरफ्तार आरोपियों की बाईड लेनी चाही, लेकिन आरोपियों ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। अन्य आरोपियों की इस मामले में पुलिस तलाश में जुटी हुई है। घटना दिनांक से ही शहर का माहौल काफी सवेंदनशील बना हुआ है और टौरिया मोहल्ला में पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु तैनात है तथा पुलिस की टीमें अन्य आरोपियों को मुस्तैदी से तलाश रही है। इस मामले को लेकर बजरंग दल भी सड़कों पर आ गया था और प्रशासन से आरोपियों के मकान और बुल्डोजर चलाने की मांग की थी घटना के दूसरे दिन सर्व समाज द्वारा प्रदर्शन कर एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा गया था।

# खेत में पानी लगा रही महिला पर दबंगों का हमला, लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल

**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुरा गांव में खेत पर काम कर रही एक महिला के साथ दबंगों द्वारा लाठी-डंडों से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
जानकारी के अनुसार लक्ष्मणपुरा निवासी तेज कुमारी यादव (53) पत्नी अर्जुन कुशवाहा शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे अपने खेत में लगी फसल की सिंचाई कर रही थीं। इसी दौरान गांव के ही महेंद्र यादव, रामस्वरूप यादव और धर्म यादव लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे और विवाद करते हुए महिला पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने महिला के साथ जमकर मारपीट की, जिससे उसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं।घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके हाथ में फ्रैक्चर होने की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं महिला का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि महिला के साथ मारपीट का मामला संज्ञान में आया है। शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

# बीवी-बेटे की कब्र पर मिला पति का शव 11 दिन में परिवार की तीसरी मौत

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के हरपालपुर निवासी एक परिवार पर महज 11 दिनों में तीन मौतों का दुखद पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी और छोटे बेटे को खोने के सदमे में रहे 40 वर्षीय सुब्हान अहमद का शव शुक्रवार तड़के उसी कब्रिस्तान में मिला, जहां उनकी पत्नी रजिया खातून और 4 वर्षीय बेटे हसनैन को दफनाया गया था।



इस घटना के बाद परिवार के तीन बच्चे अनाथ हो गए हैं। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे सुब्हान पत्नी और बेटे की कब्र पर गए थे। दो घंटे तक घर नहीं लौटने पर परिजन कब्रिस्तान पहुंचे, जहां वे अचेत अवस्था में पड़े मिले। एक हाथ बेटे की कब्र पर और दूसरा पत्नी की कब्र पर रखा था। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### पहले बेटे और फिर पत्नी की मौत

सुब्हान अहमद उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के चरखारी कस्बे में अपनी ससुराल में रह रहे थे। 25 मई को उनका सबसे छोटा बेटा हसनैन हीट वेव (लू) की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत का सदमा मां रजिया खातून सहन नहीं कर सकीं और उनका भी निधन हो गया। दोनों को एक साथ दफनाया गया था।

परिजनों ने सुब्हान के पैर पर एक निशान देखा है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उन्हें किसी जहरीले कीड़े ने काटा हो। वहीं डॉक्टरों और परिजनों का मानना है कि गहरे मानसिक आघात और तनाव के कारण कार्डियक अरेस्ट भी मौत की वजह हो सकता है। वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। अब परिवार में केवल 17 वर्षीय सैफ, 14 वर्षीय रोशनी और 11 वर्षीय आलिया ही बचे हैं। लगातार हुई तीन मौतों से परिवार और इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों और रिश्तेदारों ने इन बच्चों के भरण-पोषण के लिए प्रशासन और सरकार से सहायता की मांग की है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मिशन ग्रीन नौगांव के द्वारा किया गया वृक्षारोपण क्षेत्रीय सांसद ने भी किए पौधे रोपित



**नौगांव।** शुक्रवार को विश्वापर्यावरण दिवस के अवसर पर मिशन ग्रीन नौगांव के सदस्यों द्वारा दिनभर अलग अलग जगह पर पौधरोपण किया गया एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। नगर में क्षेत्रीय सांसद डॉ वीरेंद्र खटीक के द्वारा मिशन ग्रीन नौगांव के सहयोग से नवीन केंद्रीय विद्यालय प्रांगण एवं नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे पौधरोपण किया गया। इसके पश्चात मिशन ग्रीन के सदस्य सुशील द्विवेदी ने कामतानाथ फिलिंग स्टेशन पर पौधरोपण किया। इसके बाद शाम को ग्वालटोली नौगांव मे अमित चंदेल के खेत मे 11 पौधे रोपित किये गए। इस दौरान मिशन ग्रीन के सदस्यों ने आमजनता को भी पौधरोपण का सन्देश दिया। सभी ने पुनः अपने संकल्प को दोहराया हमारा लक्ष्य पांच लाख वृक्ष, और आजीवन पौधरोपण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम मे ललित नायक, राजेश मिश्रा, सनातन रावत, महेश मंगू साहू, गजेंद्र सोनकिया, सुशील द्विवेदी, केदार तिवारी, सौरभ तिवारी, राघवेंद्र यादव, विजय द्विवेदी, अथर्व नायक, मोनू मिश्रा, अमित चंदेल एवं मोनू और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित फॉरेंसिक वैन को एसपी ने दिखाई हरी झंडी




**छतरपुर।** मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा अपराध अनुसंधान, साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक जांच की क्षमता को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई मोबाइल फॉरेंसिक वैनों को प्रदेश के विभिन्न जिलों में उपलब्ध कराया गया है। इसी क्रम में छतरपुर जिले को प्राप्त अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन को पुलिस अधीक्षक छतरपुर रजत सकलेचा द्वारा निरीक्षण उपरांत हरी झंडी दिखाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से कर्तव्य हेतु रवाना किया गया।

यह मोबाइल फॉरेंसिक वैन घटनास्थल पर वैज्ञानिक जांच एवं साक्ष्य संकलन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। पुलिस विभाग की यह पहल फॉरेंसिक आधारित, त्वरित एवं सटीक विवेचना को बढ़ावा देगी, जिससे अपराधों के शीघ्र खुलासे, दोषसिद्धि दर में वृद्धि तथा नागरिकों के सुरक्षा संबंधी विश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

मोबाइल फॉरेंसिक वैन अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिसमें डीएसएलआर कैमरा, मिनी फ्रिज, एलईडी टीवी स्क्रीन, थर्मल प्रिंटर, बॉडी-वॉर्न कैमरा सहित अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त वैन में अपराध स्थल जांच किट, अपराध स्थल सुरक्षा किट, फिंगरप्रिंट किट, आगजनी जांच किट, साक्ष्य पैकिंग किट, गनशॉट अवशेष जांच किट, नशीले पदार्थ एवं विस्फोटक पहचान किट, डीएनए सैंपल कलेक्शन किट तथा चेन ऑफ कस्टडी संबंधी सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले एवं संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# विजय रावत हत्याकांड में 2 आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** जिले क़े थाना बमीठा के अंतर्गत केन बेतवा लिंक परियोजना ढोडन्न बांध के रोड़ निर्माण कार्य जीआरटीसी कंपनी जबलपुर कर रही है। 3 जून की दरम्यिानी रात 11 बजे के बीच विजय रावत पिता खोवेलाल रावत उम्र 33 वर्ष निवासी करवल माझगामा थाना गगहा जिला गोरखपुर उत्तरप्रदेश की अशोक पाल पिता हल्के पाल , पूरन पाल पिता पप्पू पाल, निवासी हिनौता थाना मंडला जिला पन्ना का विवाद हो गया। विवाद होने पर अशोक पाल एवं पूरन पाल ने लोहे की रॉड एवं सरिया से पीट पीट कर विजय रावत की हत्या कर दी। बमीठा थाना में प्रभाकर रावत पिता रघुनाथ रावत निवासी करवल थाना गगहा जिला गोरखपुर की रिपोर्ट पर धारा 115 (2) 103 (1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्व कर दोनो आरोपियों अशोक पाल और पूरन पाल को बन्ने नदी रनगुवां पुल निर्माण कार्य जीआरटीटी कंपनी के कैम्प से गिरफ्तार किया गया और दोनो आरोपियों से लोहे की दो रॉड जप्त की गई और जेआर पर न्यायालय पेश किया गया। इस कार्यवाही में टीआई बाल्मीक चौबे, एसआई टोपो, एसआई मनोहर सिंह सिकरवार सहित अन्य पुलिस कर्मियों का सहयोग रहा।

# श्रीराम कथा के समापन पर उमड़ा जनसैलाब 50 हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**ईशानगर।** करधइयन सरकार राम नाम धाम में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा का समापन भक्ति, श्रद्धा और विशाल भंडारे के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। आयोजकों के अनुसार लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। दूर-दराज के गांवों और शहरों से पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण पूरा क्षेत्र राममय वातावरण में सराबोर रहा।

समापन अवसर पर आयोजित जवाबी कीर्तन कार्यक्रम श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। प्रसिद्ध भजन गायिका नीलम विश्वकर्मा तथा अजय-विजय की टीम ने अपने सुमधुर भजनों और भक्ति गीतों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा कथा परिसर गुंजायमान होता रहा।

विशाल भंडारे में छतरपुर विधायक ललिता यादव, बिजावर विधायक पुत्र धनंजय शुक्ला एवं युवा कांग्रेस नेता भुवन विक्रम सिंह (कैशु भैया) ने भी सहभागिता की। जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया तथा आयोजन की व्यवस्थाओं और भव्यता की सराहना की।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सिद्ध गुरु पर्वत पहुंचकर तपस्या में लीन पूज्य गुरु भगवान महामंडलेश्वर दीनबंधु दास मोनी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुदेव ने सभी के सुख, समृद्धि और लोककल्याण की कामना करते हुए अपना आशीर्वचन प्रदान किया।

आयोजन के सफल संचालन में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं, रामभक्तों एवं विभिन्न सेवा समितियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कथा समापन के अवसर पर श्रद्धालुओं ने इसे क्षेत्र के सबसे भव्य और यादगार धार्मिक आयोजनों में से एक बताते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सटई को करोड़ों की विकास सौगात, केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया लोकार्पण-भूमिपूजन

**अटल सभागार और यात्री प्रतीक्षालय का उद्घाटन, नगर परिषद अध्यक्ष माया शर्मा ने किया भव्य स्वागत**



**सटई।** नगर परिषद सटई में शनिवार को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती माया शर्मा एवं परिषद सदस्यों ने पुष्पमालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर सटई नगर को विकास की बड़ी सौगात दी।
कार्यक्रम के दौरान डॉ. वीरेंद्र कुमार ने 102.85 लाख रुपये की लागत से मानक तलैया घाट सौंदर्यीकरण, 167.94 लाख रुपये की लागत से सुखसागर तालाब सौंदर्यीकरण, 11.63 लाख रुपये की लागत से बिहारीजी मंदिर सौंदर्यीकरण, 13.85 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक-4 में लाला बाबा पर दालान निर्माण, 96.87 लाख रुपये की लागत से अटल भवन विस्तार, टैक्सी बस स्टैंड निर्माण, 42.68 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक-7 में बाउंड्री वॉल निर्माण तथा 165.82 लाख रुपये की लागत से खेल मैदान विस्तार कार्यों का भूमिपूजन किया।
इसके साथ ही 77.08 लाख रुपये की लागत से निर्मित अटल सभागार तथा 48.73 लाख रुपये की लागत से बने बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। अटल सभागार निर्माण के लिए 25 लाख रुपये की राशि सांसद निधि से प्राप्त हुई थी।
अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने अटल सभागार की सराहना करते हुए कहा कि इंदौर और भोपाल को छोड़कर इस स्तर का सभागार प्रदेश में कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के सभी जनप्रतिनिधियों ने बिना किसी विरोध के मिलकर सटई को नई पहचान दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी इंजीनियर अवध प्रसाद द्विवेदी एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए बधाई दी।
नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती माया शर्मा ने कहा कि सटई के विकास में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार का निरंतर सहयोग प्राप्त हुआ है। उनके मार्गदर्शन में नगर में अनेक विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं और भविष्य में भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने सटई को प्रदेश की अग्रणी विकासशील नगर परिषद बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, महिलाएं एवं नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत केंद्रीय मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज के प्रतिष्ठित लोगों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से सम्मान किया। साथ ही नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने क्रांति गौण क्रिकेट स्टेडियम सहित विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।



# किचन में फांसी के फंदे पर लटकी मिली 16 वर्षीय किशोरी, जांच में जुटी पुलिस

**छतरपुर। जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेलसी में एक 16 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार रोशनी अहिरवार (16) पुत्री मनोज अहिरवार निवासी ग्राम भेलसी, थाना ईशानगर शुक्रवार रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थी।**

परिजनों के मुताबिक रात में सब कुछ सामान्य था और परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। शनिवार सुबह जब परिवार के लोग जागे तो रोशनी घर के किचन में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। बताया जा रहा है कि सुबह घर का कामकाज शुरू होने पर परिजनों को घटना की जानकारी लगी, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही ईशानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। फिलहाल किशोरी द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में जेम-2026 का भव्य समापन समारोह आयोजित






**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा संचालित बालिका सशक्तिकरण मिशन अभियान 2026 का भव्य समापन समारोह 06 जून को उमंग भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) एवं श्रीमती चित्रलेखा साहा, अध्यक्षा (सुहासिनी संघ) रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संजय असाती, परियोजना प्रमुख (रिहंद) तथा श्रीमती नीलू असाती, अध्यक्षा (वीएमएमएस) उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर श्री पी.के. नायक, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा), श्रीमती रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) सहित सुहासिनी संघ की पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ जेम बालिकाओं द्वारा हस्तनिर्मित पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों के स्वागत तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन में श्रीमती रूमा दे शर्मा ने जेम-2026 की विशेषताओं एवं इसके सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात चार सप्ताह की इस प्रेरणादायी यात्रा की उपलब्धियों एवं यादगार पलों पर आधारित एक विशेष फिल्म प्रदर्शित की गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वागत गीत, योगा स्केच, सहज योग प्रस्तुति, शास्त्रीय नृत्य, हिंदी एवं अंग्रेजी कविता पाठ, मिश्रित नृत्य, सोशल मीडिया जागरूकता नाटिका, आत्मरक्षा पर आधारित प्रस्तुति तथा लोकनृत्य ने सभी का मन मोह लिया। अनुभव साझा करते हुए कु. निहारिका, कु. अनुराधा रजक तथा जेम-2018 की पूर्व प्रतिभागी कु. काजल विश्वकर्मा ने जेम कार्यक्रम के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

अपने संबोधन में श्रीमती चित्रलेखा साहा ने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। वहीं श्री संजीब कुमार साहा ने कहा कि जेम कार्यक्रम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की भावना को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थापना से अब तक एनटीपीसी विंध्याचल 886 बालिकाओं को सशक्त बनाने में सफल रहा है, जो महिला सशक्तिकरण एवं समावेशी विकास के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

समारोह के अंत में सभी प्रतिभागी बालिकाओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। बालिकाओं ने अतिथियों को धन्यवाद कार्ड भेंट कर आभार व्यक्त किया। सामूहिक छायाचित्र के साथ जेम-2026 का सफल समापन हुआ, जिसने एनटीपीसी विंध्याचल की बालिका सशक्तिकरण यात्रा में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ दिया।



# सातवें वर्ष भी बरकरार 'आरोहण' का जादू: एनसीएल मुख्यालय सहित सभी परियोजना और इकाइयों में बच्चों का उत्साह चरम पर

एनसीएल द्वारा आयोजित समर कैंप "आरोहण" का सातवां संस्करण इन दिनों बच्चों के बीच धूम मचा रहा है। इस शिविर में बच्चे न सिर्फ अपनी गर्मियों की छुट्टियों का भरपूर आनंद ले रहे हैं, बल्कि नई-नई विधाओं में निपुण भी बन रहे हैं। यह समर कैंप एनसीएल मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में 21 मई से 10 जून, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें 7 से 14 वर्ष की आयु के बच्चे भाग ले रहे हैं।

## खेल-कूद से लेकर कला-संगीत तक, विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण

आरोहण समर कैंप के दौरान योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न खेल-कूद विधाओं – बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, क्रिकेट, वालीबॉल, तैराकी, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, जूडो, कराटे, फुटबॉल, संगीत (गायन-वादन), नृत्य, ड्रॉइंग, पेंटिंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।इस वर्ष "आरोहण" समर कैंप के माध्यम से कुल 4,718 बच्चे और युवा लाभ उठा रहे हैं । पिछले कई दिनों से चल रहे इस कड़े अभ्यास और मस्ती के सफर का समापन आगामी 10 जून को किया जाएगा। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा वर्ष 2018 से "आरोहण" समर कैंप की शुरुआत की गई। यह समर कैंप बच्चों और युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता को जगाने का एक सशक्त माध्यम भी है।

## खबर संक्षेप

### सीईओ जिला पंचायत ने किया पौधारोपण



रीवा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने अपने शासकीय आवास में गत दिवस पौधा रोपित किया। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले भर में पौधे रोपित किए गए। इसी क्रम में आवास में भी पौधा रोपित किया गया है।

### लोकायुक्त एसपी, एसपी समेत कई पुलिस अधिकारियों का तबादला

रीवा। लोकायुक्त एसपी, रीवा और मऊगंज जिले के एडिशनल एसपी सहित कई पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी हुए हैं। लोकायुक्त एसपी सुनील पाटीदार भोपाल स्थानांतरित किए गए हैं। उनकी जगह अब विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त कार्यालय रीवा में एसपी रूप में योगेश्वर शर्मा पदभार ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि वे अभी तक सागर में लोकायुक्त एसपी के रूप में सेवाएं दे रहे थे। गुरुवार को भोपाल से जारी तबादला सूची के अनुसार सुनील पाटीदार अब रीवा की जगह भोपाल में लोकायुक्त एसपी की जिम्मेदारी निभाएंगे। वही रीवा एडिशनल एसपी आरती सिंह महाजन की पदस्थापना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीटीएस इंदौर के पद पर की गई है, जबकि मऊगंज एडिशनल एसपी विक्रम सिंह को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उपायुक्त सुरक्षा इंदौर नगरीय पुलिस का दायित्व दिया जा रहा है। रीवा में एडिशनल एसपी के पद पर अब हेमंत चौहान की पदस्थापना आदेश जारी हुए हैं। वे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर के रूप में अभी सेवारत हैं। वही आईजी कार्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर सेवाएं दे रहे मनु व्यास की नई पदस्थापना सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल में की गई है। मनोज शर्मा उप सेनानी 9वीं वाहिनी विसबल रीवा को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पीटीआरआई पुलिस मु यालय भोपाल भेजा जा रहा है। इनकी जगह अब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच नवल सिंह सिसोदिया आएंगे। सीधी के एडिशनल एसपी अरविंद श्रीवास्तव अब पुलिस अधीक्षक एमटी ट्रेनिंग स्कूल रीवा बनाए गए हैं। अखिलेश तिवारी पुलिस अधीक्षक एमटी ट्रेनिंग स्कूल रीवा को अब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात जबलपुर की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

### रिजफरो सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल बनाता है बुआई के लिए मेड़ और नाली

रीवा। दलहनी और तिलहनी फसलों में पानी की कम आवश्यकता होती है। इसी तरह सोयाबीन की फसल को भी कम पानी की आवश्यकता होती है। अधिक बारिश और जल भराव होने पर सोयाबीन के पौधे गलने लगते हैं। यही प्रभाव मूंग, उड़द, अरहर आदि की फसलों में होता है। इस समस्या को दूर करने के लिए रिजफरो सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल बहुत उपयोगी है। इसे किसी भी ट्रैक्टर से चलाया जा सकता है। इसके उपयोग से खेत में फसल की बोनी के लिए नाली और पतली मेड़ का चार की कतार में निर्माण होता है। सोयाबीन तथा अन्य फसलें मेड़ की ढलान पर बोई जाती हैं। अधिक वर्षा होने पर नालियों के माध्यम से पानी खेत से बाहर हो जाता है जिससे गलन की समस्या दूर होती है। यदि बारिश कम होती है तो मेड़ में संचित नमी पौधे के लिए उपयोगी साबित होती है। खेत में नाली और मेड़ बन जाने से इसमें अंतरवर्ती फसल भी ली जा सकती है। इसके उपयोग से कतार से कतार और पौधे से पौधे की दूरी निर्धारित हो जाती है जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है। इसका उपयोग सोयाबीन सहित सभी दलहनी और तिलहनी फसलों के लिए बहुत कारगर है। इसकी खरीद में कृषि विभाग द्वारा अनुदान की सुविधा दी जा रही है।

### आकाशीय बिजली सर्पदंश से बचाव परामर्श जारी

रीवा । मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग द्वारा आकाशीय बिजली एवं सर्पदंश जैसी मौसमी एवं प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनहानि एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से नागरिकों को विभिन्न संचार माध्यमों से परामर्श दिया जा रहा है। सचिव (गृह) एवं समन्वयक मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि मानसून अवधि में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएँ कई बार गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। नागरिकों को सलाह दी गई है कि मौसम में अचानक परिवर्तन, तेज गर्जना एवं बिजली की चमक को खतरे के संकेत के रूप में गंभीरता से लें। ऐसे समय में खुले स्थानों, खेतों, जलाशयों, विद्युत खंभों तथा बड़े वृक्षों के नीचे रुकने से बचें तथा सुरक्षित भवनों में शरण लें।

# कागजों में गौवंश खातों में करोड़ः हकीकत में गौशालाएं खाली, फर्जी गिनती पर हर माह लाखों का भुगतान, गौमाता के नाम पर सरकारी खजाने को करोड़ों की चपत

**जिले में गौमाता के नाम पर सरकारी खजाने को करोड़ों की चपत लगाई जा रही है। ग्राम पंचायतों और समूहों द्वारा संचालित गौशालाओं में कागजों पर सैकड़ों गौवंश दर्ज कर हर महीने लाखों रुपये का भुगतान उठाया जा रहा है मगर जब हरिभूमि की टीम द्वारा कई गौशालाओं का औचक जायजा लिया गया तो हकीकत देखकर होश उड़ गए**





रीवा।

गौशालाएं कागजी ग्राफ की तुलना में वीरान मिलीं। न पर्याप्त गौवंश, न चारा-भूसे का स्टॉक, न पानी, न कर्मचारी, सबसे गंभीर बात यह कि पशुपालन विभाग के अधिकारी बिना भौतिक सत्यापन के ही फर्जी आंकड़ों पर हस्ताक्षर कर भुगतान जमीनी की हरी झंडी दे रहे हैं। हकीकत यह है कि गौशाला संचालकों ने क्षमता से कई गुना अधिक गौवंश कागजों में दिखा रखे हैं। 50 गाय की क्षमता वाली गौशाला में 200 गौवंश दर्ज हैं। पशुपालन विभाग इसे आंखमुद करगौशाला में नौवारा दर्ज कर इसे सत्यापित कर रहा है। इसी फर्जी सत्यापन के दम पर चारा भूसा, पानी, दवा और 4-5 कर्मचारियों के वेतन के नाम पर हर माह 2 से 3 लाख रुपये का भुगतान हो रहा है। हालत यह है कि साल भर में एक गौशाला से ही 25-30 लाख की निकासी का खेल खुलेआम चल रहा है।अन्नदाता परेशान सिस्टम कि नहीं खुल रही नींदगौशाला के नाम पर चल रहे इस फर्जीवाड़े की सबसे बड़ी कीमत किसान चुका रहा है, क्योंकि खरीफ रवी के साथ गर्मी के सीजन में भी आवारा मवेशी किसने की फसल को नष्ट कर देते हैं। निराश्रित मवेशियों के लिए गौशाला की सुविधा है लेकिन अधिकतर गौशालाएं खाली नजर आती है जहां सिर्फ कागज का खेल चल रहा है। गौशालाओं की जो स्थिति है उस पर बड़े सवाल उठ रहे हैं। जमीनी हालात के अनुसार सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि बिना जियो टैग फोटो के भुगतान पर रोक क्यों नहीं? हर माह भौतिक सत्यापन अनिवार्य क्यों नहीं किया जाता? फर्जी आंकड़े सत्यापित करने वाले अफसरों पर कार्रवाई कब? मृत मवेशी मिलने पर पशु क्रूरता का केस क्यों नहीं? किसानों को मुआवजा कौन देगा। गौसेवा के नाम पर चल रहा यह घोटाला सिर्फ वित्तीय अनियमितता नहीं, आस्था और भरोसे के साथ धोखा है। जब तक हर गौवंश की ईयर-टैगिंग, ड्रोन से मासिक निगरानी और थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य नहीं होगा, तब तक फाइलों में गायें चरती रहेंगी और खजाना लुटता रहेगा।

## ओवर ब्रिज पर युवक के गले से 1.80 लाख की सोने की चेन झपटी

### चलती बाइक पर आए बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

रीवा। शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच शुक्रवार को दिनदहाड़े हुई चेन स्नेचिंग की वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत समान ओवरब्रिज पर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक युवक के गले से करीब 1 लाख 80 हजार रुपये मूल्य की सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। वारदात इतनी तेजी से हुई कि पीड़ित युवक संभल भी नहीं पाया। घटना के दौरान बदमाशों की बाइक की टक्कर लगने से युवक के पैर में चोट भी आई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रतहरा निवासी आदर्श कुमार मिश्रा शुक्रवार करीब 4 बजे सिरमौर चौराहे से अपने घर रतहरा की ओर बाइक से जा रहे थे। जब वह समान ओवरब्रिज से गुजर रहे थे, तभी पीछे से पल्सर बाइक पर सवार दो युवक उनके पास पहुंचे। बदमाशों ने पहले ओवरटेक करते हुए अपनी बाइक को आदर्श की बाइक के बिल्कुल करीब लाया। इसके बाद पीछे बैठे युवक ने अचानक झपट्टा मारकर उनके गले में पहनी सोने की चेन तोड़ ली। वारदात के दौरान दोनों वाहनों के बीच संपर्क होने से आदर्श की बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे उन्हें चोट भी आई। पीड़ित आदर्श मिश्रा ने बताया कि पूरी घटना कुछ ही सेकंड में घटित हुई। बदमाशों ने बेहद सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। चेन टूटने और बाइक के असंतुलित होने के कारण वह कुछ क्षण के लिए घबरा गए। जब तक वह स्थिति को समझ पाते और पीछा करने का प्रयास करते, तब तक आरोपी तेज रफ्तार से मौके से भाग चुके थे। पीड़ित के अनुसार बदमाशों द्वारा छीनी गई सोने की चेन की कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रुपये है। घटना के बाद उन्होंने सीधे समान थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस को आशंका है कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पहले से क्षेत्र की रेकी कर रहे थे। शहर में हाल के दिनों में लूट, चोरी और झपटमारी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।



## गोविंदगढ़ पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाला

# 10 फीट गहरे गड्ढे में गिरा एक वर्षीय मासूम





रीवा।

जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह घर के बाहर खेल रहा एक वर्षीय मासूम अचानक निर्माण कार्य के लिए खोदे गए करीब 10 फीट गहरे और महज एक फीट चौड़े गड्ढे में गिर गया। बच्चे के गड्ढे में गिरते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में हड़कंप की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची गोविंदगढ़ पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद मासूम को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चूहा महाजन टोला निवासी बाबू केवट का एक वर्षीय पुत्र शिवेंद्र केवट शनिवार सुबह लगभग 6 बजे घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान वह खेलते-खेलते निर्माणाधीन क्षेत्र के पास पहुंच गया, जहां पिलर निर्माण के लिए गहरा गड्ढा खोदा गया था। खेल-खेल में अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे लगभग 10 फीट गहरे तथा एक फीट चौड़े गड्ढे में जा गिरा। घटना की जानकारी लगते ही परिवार के लोगों के होश उड़ गए। परिजनों और आसपास के लोगों ने बच्चे को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन गड्ढा अत्यंत संकरा और गहरा होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों ने तत्काल गोविंदगढ़ थाना प्रभारी अरविंद राठौर को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ बिना समय गंवाए घटनास्थल पहुंचे और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया। पुलिस ने स्थिति का जायजा लेने के बाद पाया कि बच्चे को सीधे ऊपर खींचना संभव नहीं है, क्योंकि गड्ढा बेहद संकरा था और किसी भी जल्दबाजी से बच्चे की जान को खतरा हो सकता था। बच्चे तक सुरक्षित पहुंचने के लिए पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर एक विशेष रणनीति बनाई। मुख्य गड्ढे के ठीक बगल में दूसरा गड्ढा खोदने का निर्णय लिया गया ताकि अंदर फंसे बच्चे तक पहुंचा जा सके। इसके बाद ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों ने लगातार मेहनत करते हुए खुदाई शुरू की। करीब दो घंटे तक चले अभियान में टीम बच्चे तक पहुंचने में सफल हो गई। इसके बाद बेहद सावधानी के साथ मासूम को गड्ढे से बाहर निकाला गया। जैसे ही बच्चा सुरक्षित बाहर निकला, मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। बच्चे को तत्काल पुलिस वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है और उसे किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई है। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।दो घंटे तक चलता रहा जिंदगी और मौत का संघर्षमिली जानकारी अनुसार मासूम लगभग दो घंटे तक गहरे गड्ढे में फंसा रहा। इस दौरान परिवार के लोग लगातार उसकी सलामती की प्रार्थना करते रहे। गांव में हर किसी की निगाह रेस्क्यू अभियान पर टिकी हुई थी। बच्चे की सुरक्षित वापसी ने पूरे गांव को बड़ी राहत दी। थाना प्रभारी अरविंद राठौर एवं उनकी टीम के प्रयासों से एक मासूम को नया जीवन मिला है।

## रीवा से हैदराबाद के लिए सीधी रेल सेवा की सौगात 8 जून से दौड़ेगी चर्लपल्ली समर स्पेशल ट्रेन

रीवा।




विंध्य क्षेत्र के यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे ने बड़ी सौगात दी है। लंबे समय से रीवा और हैदराबाद के बीच सीधी रेल सेवा की मांग को देखते हुए दक्षिण मध्य रेलवे ने रीवा से चर्लपल्ली (हैदराबाद) के बीच समर स्पेशल ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद यह विशेष ट्रेन 8 जून से अपने निर्धारित फेरे शुरू करेगी। इससे मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना के हजारों यात्रियों को सीधा एवं सुविधाजनक रेल विकल्प उपलब्ध होगा। रेलवे द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार ट्रेन क्रमांक 20158 रीवा-चर्लपल्ली समर स्पेशल एक्सप्रेस 8 जून से 28 जून तक प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:30 बजे रीवा स्टेशन से रवाना होगी तथा अगले दिन दोपहर 2:45 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। वहीं वापसी दिशा में ट्रेन क्रमांक 20157 चर्लपल्ली-रीवा समर स्पेशल एक्सप्रेस 7 जून से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार शाम 5 बजे चर्लपल्ली से प्रस्थान कर अगले दिन शाम 7:30 बजे रीवा पहुंचेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल चार-चार फेरे लगाएगी। ट्रेन का संचालन रीवा से सतना, मैहर, कटनी, सागर और बीना होते हुए हैदराबाद के चर्लपल्ली स्टेशन तक किया जाएगा। इससे इन प्रमुख शहरों के यात्रियों को भी दक्षिण भारत के महत्वपूर्ण महानगर हैदराबाद तक सीधी रेल सुविधा का लाभ मिलेगा। विंध्य क्षेत्र के यात्रियों को अब तक हैदराबाद जाने के लिए जबलपुर, भोपाल या अन्य बड़े जंक्शनों से ट्रेन बदलनी पड़ती थी। सीधी रेल सेवा नहीं होने के कारण यात्रियों को समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत उठानी पड़ती थी। नई ट्रेन शुरू होने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।छात्रों, व्यापारियों और मरीजों को मिलेगा लाभहैदराबाद देश के प्रमुख शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक केंद्रों में शामिल है। रीवा, सतना, मैहर, कटनी, सागर तथा आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में छात्र उच्च शिक्षा के लिए हैदराबाद जाते हैं। इसके अलावा उपचार, रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों के लिए भी लोगों का नियमित आवागमन बना रहता है। ऐसे में नई ट्रेन क्षेत्र के यात्रियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।

## रीवा-सीधी मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रीवा।



रीवा-सीधी राष्ट्रीय मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। हादसा गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत महसांव रेडियो स्टेशन के समीप हुआ, जहां किसी अज्ञात भारी वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा बीती रात लगभग 12:30 बजे का है। मृतक युवक अपनी मोटरसाइकिल से रीवा-सीधी मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान महसांव रेडियो स्टेशन के पास पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। हादसे के बाद युवक सड़क पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में गिर पड़ा और कुछ ही क्षणों में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मार्ग से गुजर रहे राहगीरों की नजर युवक पर पड़ी। युवक को सड़क पर पड़े देखकर लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गुढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर एम्बुलेंस वाहन की सहायता से संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक की जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मौके पर मिले दस्तावेजों एवं मोटर व्हीकल डाटा के आधार पर बेनीपुरवा, थाना गुढ़ निवासी युवक के रूप में हुई है हालांकि अंतिम पहचान परिजनों के पहुंचने के बाद ही सुनिश्चित हो सकेगी।

## अवैध बोरिंग रैकेट का भंडाफोड़ दो मशीनें जब्त, मचा हड़कंप



मऊगंज। भू-जलस्तर में आई भारी गिरावट के बाद जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को धता बताकर अवैध बोरिंग कर रहे माफिया पर गुरुवार 4 जून की शाम प्रशासन ने बड़ा शिकंजा कसा। कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देश पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने नईगढ़ी तहसील क्षेत्र के नरैनी गांव में छापा मारकर बिना अनुमति हैंडपंप उत्खनन कर रही दो बोरिंग मशीनों को जब्त कर लिया। कार्यवाही के बाद जिले भर के बोरिंग संचालकों और दलालों में हड़कंप मच गया है।गोपनीय सूचना पर हुई कार्यवाही जिला प्रशासन को सूचना मिली कि तहसील नईगढ़ी के ग्राम नरैनी में कुशवाहा परिवार की भूमि पर अवैध रूप से बोरिंग की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार सुनील कुमार द्विवेदी एवं थाना प्रभारी ऋषि कुमार द्विवेदी दल-बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि वाहन क्रमांक KA 01 D 5554 एवं TN 34 M 2255 की बोरिंग मशीनों से बिना किसी अनुमति के उत्खनन किया जा रहा था। टीम ने तत्काल दोनों मशीनों को जब्त कर लिया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर नईगढ़ी थाना के सुपुर्द कर दिया। तहसीलदार सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि मशीन मालिक, चालक एवं अवैध कारोबार में सम्मिलित लोगों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सूने घर का ताला तोड़कर ले गए चोर महिला मजदूर की मेहनत की कमाई और जेवरात पर हाथ साफ

रीवा।



शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गुढ़ चौराहा स्थित नया तालाब इलाके का है, जहां चोरों ने एक महिला मजदूर के सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस समय हुई जब पूरा परिवार रिश्तेदारी में हुई गमी में शामिल होने के लिए घर से बाहर गया हुआ था। सुबह पड़ोसी के फोन से घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित परिवार के होश उड़ गए। जानकारी के अनुसार नया तालाब निवासी रानी साकेत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। उन्होंने वर्षों की मेहनत और बचत से कुछ नगदी और जेवरात एकत्रित कर घर में सुरक्षित रखे थे। लेकिन चोरों ने उनके अरमानों पर पानी फेरते हुए घर का ताला तोड़कर पूरी जमा पूंजी पार कर दी।बताया गया है कि रानी साकेत अपने परिवार के साथ एक दिन पहले सीधी जिले के पचोखर गांव में रिश्तेदारी में हुई गमी में शामिल होने गई थीं। इसी दौरान चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। देर रात या तड़के किसी समय अज्ञात बदमाश घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और कमरे में रखी पेटी का ताला भी तोड़ दिया। पेटी में रखे जेवरात एवं नगदी लेकर चोर मौके से फरार हो गए। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब सुबह पड़ोसियों की नजर घर के टूटे ताले पर पड़ी। पड़ोसियों ने तत्काल रानी साकेत को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही वह जल्दबाजी में रीवा पहुंचीं और घर का निरीक्षण किया। घर के अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था तथा पेटी में रखी नगदी और जेवरात गायब थे। पीड़िता ने बताया कि चोरी गए सामान में उसकी मेहनत मजदूरी से जुटाई गई बचत और पारिवारिक उपयोग के जेवर शामिल हैं। चोरी की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता सिटी कोतवाली थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।